**Title:** Raised a matter regarding law and order problem in the State of Uttar Pradesh.

कुमारी मायावती (अकबरपुर) :अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से पूरे देश को यह बताना चाहती हूं कि दलित, शोषित, पिछड़े वर्ग और अकलियत समाज के लोगों की आवाज को आज सदन में दबाया जा रहा है और सत्ता पक्ष के लोग दबा रहे हैं।

... (व्यवधान)

इससे आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि संसद के बाहर इन लोगों के साथ कितने बड़े पैमाने पर ज्यादती हो रही होगी। मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश में संवैधानिक संकट की ओर दिलाना चाहती हूं। यह मामला पार्लियामेंट के परव्यू में आता है। उत्तर प्रदेश में

... (व्यवधान)

">SHRI SATYA PAL JAIN (CHANDIGARH): Mr. Speaker, Sir, I am sorry to state that the subjects pertaining to the States cannot be discussed here. She is talking about the law and order problem in the State of Uttar Pradesh. We cannot discuss the law and order problem of any State here. How can we discuss the law and order problem of UP? So, you should not allow it to be raised here. How can it be raised here? ... (Interruptions)

PROF. RITA VERMA (DHANBAD): Sir, it cannot be allowed to be raised here. ... (Interruptions)

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE (SOLAPUR): Sir, The ruling party here is ruling that State also. Some hon. Members are raising some problem pertaining to that State. They should be allowed to put forth their points. ... (Interruptions)

MR. SPEAKER : I have allowed only Kumari Mayawati to speak. Please take your seat.

... (Interruptions)

SHRI SUSHIL KUMAR SHINDE : First of all, they should try to change their attitudes. When the Speaker has given a ruling and allowed her to speak, it is obligatory on their part to allow her to speak. ... (Interruptions)

MR. SPEAKER : Kumari Mayawati may continue. It is already 12.30 p.m. Please cooperate with the Chair. Madam, please be brief.

... (Interruptions)

कुमारी मायावती : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं ब्रीफ में नहीं, बल्कि असलियत आज सदन के सामने रखूंगी कि उत्तर प्रदेश में क्या हो रहा है। मैं विस्तार से अपनी बात रखूंगी। आज उत्तर प्रदेश में दलितों की आवाज को दबाया जा रहा है, पिछड़ों की आवाज को दबाया जा रहा है, अकलियतों की आवाज को दबाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में लोकतन्त्र की हत्या हो रही है और भारतीय संविधान के खिलाफ काम हो रहा है। भारतीय संविधान के रचयिता, बाबासाहब डा. अम्बेडकर की याद में हमारी सरकार ने अम्बेडकर स्थल का निर्माण किया था। हजरतगंज चौराहे पर एक तरफ बाबासाहब का स्टेचू लगा है और दूसरी तरफ गांधीजी का लगा है। लखनऊ में परिवर्तन चौक है। यह चौक हमने बाबासाहब अम्बेडकर, महात्मा ज्योतिराव फूले और छत्रपति साहूजी महाराज की याद में बनाया। उसके नजदीक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का स्टेचू है। वहीं पंडित दीनदयाल स्थल है और लक्ष्मण पार्क है। पंडित दीनदयाल स्थल पर लाइट जलती है। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के स्टेचू पर लाइट जलती है। लक्ष्मण पार्क में लाइट जलती है और गांधी जी के स्टेचू पर लाइट जलती है, लेकिन बाबासाहब अम्बेडकर के स्टेचू पर लाइट नहीं जलती। महोदय, पूरे उत्तर प्रदेश के अंदर दलितों, शोषितों और पिछड़ों के ऊपर जुल्म हुआ है। इसके खिलाफ हम लोग २१ मई को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पीसफुली प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की, भारतीय संविधान के खिलाफ काम किया। उत्तर प्रदेश के होम सेक्रेट्री ने,

... (व्यवधान)

आप इनको पहले चुप कराएं, नहीं तो हम हाउस नहीं चलने देंगे। ... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please conclude.

... (व्यवधान)

कुमारी मायावती : २१ मई को, जब हम अपने महान पुरूषों के अपमान के खिलाफ और गरीबों, मजदूरों पर जो जुल्म, ज्यादती हो रही है, उसके खिलाफ पीसफुली प्रदर्शन करने के लिए निकलने वाले थे तो उससे दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के होम सेक्रेट्री ने राइटिंग में यह सर्कुलर जारी किया कि उत्तर प्रदेश में जहां भी बहुजन समाज पार्टी के वर्कर्स जाएं उन्हें रोक दिया जाए। उनकी मूवमेंट के ऊपर रोक लगाई। इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने हर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को यह डायरेक्शन दी कि अगर बी.एस.पी. का कोई भी वर्कर लखनऊ के लिए निकलता है तो उसे गिरफ्तार किया जाए। यदि कोई अधिकारी ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए। यह लोकतंत्र के खिलाफ है।

... (व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): This hon. lady Member was your nominee as Chief Minister but you are not allowing her to speak here. You made her the Chief Minister there twice...(interruptions)

कुमारी मायावती : जिसने उसके खिलाफ आवाज उठाई उसे गिरफ्तार किया गया। उत्तर प्रदेश में संविधान के खिलाफ कार्य हुआ?

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please conclude.

... (Interruptions)

कुमारी मायावती : वहां संविधान के खिलाफ काम हो रहा है। दिल्ली भारत की राजधानी है। आज मान्यवर कांशी राम जी के नेतृत्व में लोग पार्लियामेंट के बाहर, इस प्रदर्शन के खिलाफ, संविधान के खिलाफ बोल रहे हैं। बी.जे.पी. की सरकार जो कार्य उत्तर प्रदेश में कर रही है, वहां लोकतंत्र की हत्या हो रही है, हमारे महान पुरूषों का अपमान हो रहा है, जब इसके खिलाफ मान्यवर कांशी राम जी प्रदर्शन करने के लिए निकले तो उन पर लाठीचार्ज हुआ, गोलियां चलाई गईं।

... (व्यवधान)

पार्लियामेंट के बाहर मान्यवर कांशी राम जी को गिरफ्तार किया। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि उत्तर प्रदेश में आपकी सरकार है, केन्द्र में आपकी सरकार है, वे कहती है कि राजभवन पर अब प्रदर्शन करना हमारा संवैधानिक अधिकार नहीं है। लेकिन क्या आपको अधिकार है? जब रोमेश भंडारी जी उत्तर प्रदेश के गर्वनर थे तो भारतीय जनता पार्टी के नेता ने उनका घेराव किया, उनका पुतला जलाया। इतना ही नहीं माननीय प्रधान मंत्री जी उत्तर प्रदेश के ग वर्नर के खिलाफ खुद वहां पर आमरण-अनशन पर बैठे थे, क्या वह संविधान के खिलाफ नहीं था? जब दलित, शोषित समाज के लोग पीसफुली तरीके से, सं वैधानिक तरीके से अपनी आवाज उठाने के लिए जाते हैं तो मुझे गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को गिरफ्तार किया। जब लोकतंत्र की हत्या के खिलाफ आज मान्यवर कांशी राम जी प्रदर्शन करने के लिए निकले तो लोगों के ऊपर लाठीचार्ज हुआ, गोलियां चलीं, कांशी राम जी को गिरफ्तार किया गया।

हमें माननीय प्रधान मंत्री जी बताएं कि क्या यह लोकतंत्र की हत्या नहीं है? क्या यह संविधान के खिलाफ कार्य नहीं है? पार्लियामेंट के बाहर पीसफुली तरीके से अ पनी बात कहने के लिए, उत्तर प्रदेश में जो संविधान के खिलाफ कार्य हो रहा है, हमारे महा पुरुषों का अपमान हो रहा है, हम बाबासाहेब डा. अम्बेडकर का अ पमान बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम दलितों, शोषितों के ऊपर जुल्म, ज्यादती बर्दाश्त नहीं करेंगे।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please take your seat now.

... (Interruptions)

कुमारी मायावती : माननीय प्रधानमंत्री जी बताएं कि रोक क्यों लगाई गई? ... (व्यवधान) आप चुप क्यों हैं?

MR. SPEAKER: No, no. It is entirely a State subject. Please take your seat. I have also given you a chance to speak.

... (Interruptions)

कुमारी मायावती : माननीय प्रधानमंत्री जी, जब तक आप जवाब नहीं देंगे, ... (व्यवधान) नेतागण रिजाइन नहीं करेंगे, हम देखते हैं तब तक हाउस कैसे चलता है?

जब तक आप जवाब नहीं देंगे और हमारे नेताओं को रिहा नहीं करेंगे, हम देखते हैं हाउस कैसे चलता है। हम हाउस नहीं चलने देंगे।

... (व्यवधान)

प्रधान मंत्री जी हमें बताएं

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, the Home Minister would give the reply. Please take your seat.

">

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): अध्यक्ष जी, मायावती जी ने अभी इस बात का जिक्र किया है कि आज उनकी पार्टी की ओर से उत्तर प्रदेश के संदर्भ में यहां पर कोई प्रदर्शन था। उत्तर प्रदेश की घटनाओं के संदर्भ में मुझे यहां पर कुछ नहीं कहना है। लेकिन यहां पर कोई प्रदर्शन हुआ और उस प्रदर्शन पर, आपका कहना है कि गोली चली। लेकिन अभी तक मुझे जितनी जानकारी प्राप्त हुई है, उसके अनुसार कोई गोली नहीं चली है।

... (व्यवधान)

कुमारी मायावती : यह बिल्कुल गलत है

... (व्यवधान)

कांशी राम जी को गिरफ्तार किया गया

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Now, take your seat.

कुमारी मायावती : आप बिल्कुल गलत बोल रहे हैं।

... (व्यवधान)

एक एक्स एम.पी. खून में लथपथ

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: The Home Minister is replying. No, no, please listen to him.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: First you listen to him. Take your seat.

कुमारी मायावती : आप देश के प्रधान मंत्री हैं। आपको मालूम है कि उत्तर प्रदेश में क्या हो रहा है? आपको मालूम है कि २१ तारीख को एक्स सी.एम. को गिरफ्तार किया गया था। आपको मालूम है कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या हो रही है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Madam, you listen to him first. Please take your seat.

एक माननीय सदस्य: इन्होंने तीन बार कहा है कि वे सदन नहीं चलने देंगे। ... (व्यवधान)

श्री आरिफ मोहम्मद खां : आप तो संविधान नहीं चलने दे रहे हैं।

... (व्यवधान)

हम इस देश के संविधान को चलवाएंगे।

... (व्यवधान)

श्री लाल कृष्ण आडवाणीः दिल्ली के प्रदर्शन के संदर्भ में अगर कोई घटना किसी प्रकार की हुई होगी तो उसके पूरे तथ्य प्राप्त करके मैं इस सदन के सामने रखूंगा।

MR. SPEAKER: Shri Arif Mohammad Khan, please take your seat.

डा. शफीकुर्रहमान बर्क (मुरादाबाद) : अध्यक्ष जी, मैं चाहता हूं मेरी बात सुनी जाए।

... (व्यवधान)

मुरादाबाद में जुल्म हुआ है। पांच सौ के करीब गिरफ्तारियां की गयी है और संगीन केसों में उनको गिरफ्तार किया गया है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Hon. Members, the hon. Prime Minister will now make a statement on the recent nuclear tests in Pokhran. Thereafter, as has been decided in the Leaders' meeting yesterday, the House will adjourn for lunch. The discussion on the statement by the Prime Minister under rule 193 which has been admitted in the names of Smt. Geeta Mukherjee and Shri V.V. Raghavan, will commence immediately after the House re-assembles.

There is one more observation to be made. The Doordarshan is going to telecast the news from 2 P.M. to 2.30 P.M. So, the lunch break of the House will be observed from 1.30 P.M. to 2.30 P.M.

Now, the hon. Prime Minister will make the statement.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Please take your seat now.

___________